# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई पेपर में खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-249 | सागवाड़ा, गुरुवार, 26 मई, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# महाराणा प्रताप की जन्म व कर्म स्थली सहित 5 स्थानों की मिट्टी लेकर सागवाड़ा पहुंची रज कलश यात्रा

## राजपूत व सर्वसमाज ने किया स्वागत, 2 जून को धूमधाम से मनाई जायेगी महाराणा प्रताप जयंती

**सागवाड़ा।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म स्थली एवं कर्म स्थली से जुड़े 5 स्थानों की पवित्र मिट्टी लेकर कलश यात्रा आज सागवाड़ा पहुंची। सागवाड़ा के गलियाकोट मोड़ पर पहुंचने पर राजपूत समाज के प्रतिनिधियों व पूर्व विधायक अनिता कटारा, प्रधान ईश्वर सरपोटा सहित सर्वसमाज के लोगो ने कलश यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान महाराणा प्रताप के जयकारे गूंज उठे ।2 जून को राजपूत समाज की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जायेगी। इसी के तहत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म स्थली एवं कर्म स्थली से जुड़े 5 स्थानों की पवित्र मिट्टी लेकर कलश यात्रा आज सागवाड़ा गलियाकोट मोड़ पहुंची। गुरुवार को यात्रा निठाउवा गामडी, वमासा, पादरडी बड़ी होते हुए सागवाड़ा पहुची, यात्रा का जगह जगह पर पुष्पवर्षा से रज कलश यात्रा का स्वागत किया गया, रज कलश यात्रा का



गलियाकोट मोड़ पर पुष्पवर्षा राजपूत समाज के प्रतिनिधियों व पूर्व विधायक अनिता कटारा, प्रधान ईश्वर सरपोटा सहित सर्वसमाज के लोगो ने भव्य स्वागत किया

प्रतिनिधि मंडल गोविंदसिंह, जितेंद्रसिंह, नगर अध्यक्ष रायसिंह, नगर महामंत्री देवीसिंह, शक्तिसिंह महाराणा प्रताप से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों क्रमशः समाधि स्थल बांडोली, चावंड, राजतिलक स्थल गोगुंदा, हल्दीघाटी, रक्त तलाई खमनोर, जन्म स्थल कुंभलगढ़ से पवित्र मिट्टी एकत्रित कर रज कलश लेकर निठाउवा गामडी, वमासा, पादरडी बड़ी होते हुए सागवाड़ा पहुची। जहा समाज के प्रतिनिधि मंडल और सर्वसमाज के लोगो ने रज कलश यात्रा का स्वागत किया ।

इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल महामंत्री नीरज पंचाल, वागड़ क्षत्रिय महासभा नगर अध्यक्ष के पी सिंह चीखली, गोविंद सिंह पाडला माताजी, योगेंद्र सिंह राणावत, हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष भूपेश पवार, कांग्रेस पार्टी के पार्षद भरत जोशी सहित वागड़ क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी सदस्य एवं सागवाड़ा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने 2 जून को शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

# चाड़ोली में गणपति मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, कलश यात्रा निकाली, आज पूर्णाहुति



**सीमलवाड़ा।** चाडोली में प्रथम पुजेश्वर गणपति मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत दूसरे दिन गुरुवार को दिनभर वातावरण धर्ममय बना रहा। गणपति, रिद्धि, सिद्धि की मूर्तियों एवं शिखर, ध्वज, घंट को बग्गी रथ में विराजित कर गाजेबाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं, युवतियों ने रास गरबा भी खेला। मुख्य आचार्य जयदेव दीक्षित, आचार्य विमलेश पंड्या के सानिध्य में मुख्य यजमान गणपति बाल गोविंद पाटीदार, शिखर यजमान हरिहर पाटीदार, मुख्य कुंड यजमान जगदीश पाटीदार, वास्तु कुंड यजमान राजेश पाटीदार, रिद्धि यजमान कचरू लाल , रिद्धि यजमान गौवर्धन लाल, ध्वजा यजमान राजेश पाटीदार, घंट यजमान रमन लाल पाटीदार, कलश यात्रा में मुख्य घट यजमान दीपिका प्रवीण पाटीदार ने लाभ लिया। इस दौरान गटु लाल पाटीदार, कनकमल पाटीदार, सुरेश पाटीदार, मगन लाल पाटीदार, महेंद्र पाटीदार, नाथू लाल, रमेश पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, रमण लाल पाटीदार, सरपंच रमेश भगोरा, रमेश पाटीदार, मोहन लाल पाटीदार, ईश्वर लाल पाटीदार, जगदीश पाटीदार, विनोद पाटीदार, प्रदीप, सानिध्य, राजेंद्र, अरविंद, विपिन, राकेश, गोपाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्णाहुति कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें मूर्तियों की स्थापना, शिखर , ध्वज, घंट स्थापित कर महा आरती के बाद महा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# पालिका की इमारत को गिराने और नगर पालिका बोर्ड सागवाड़ा को शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के मालिक को किराए का भुगतान करने पर रोक

**सागवाड़ा नगर पालिका का मामला, भाजपा नेता पहुंचे थे हाईकोर्ट, कोर्ट ने लगाई रोक**

**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा के भवन का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। नगर पालिका सागवाड़ा के पुराने भवन को गिराने के मामले में हाईकोर्ट जोधपुर की ओर से रोक लगा दी गई है। नगर पालिका का पुराना भवन गिराकर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने और पालिका का भवन अन्यत्र बनाने के विरोध में भाजपा नेता अनिल कटारा, प्रियंक भासरिया और मांगीलाल डामोर हाईकोर्ट जोधपुर में जनहित याचिका दायर की थी। जोधपुर उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ताओं ने तत्काल जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि नगर पालिका बोर्ड सागवाड़ा के भवन का एक हिस्सा सार्वजनिक धन से वर्ष 2017 में बनाया गया था। निहित स्वार्थ के लिए कार्य करने वाले प्रतिवादी इसे तुच्छ आधार पर ध्वस्त कर रहे हैं। इस बीच, उत्तरदाताओं को प्रश्नगत इमारत को गिराने से रोक दिया गया है। नगर पालिका बोर्ड सागवाड़ा को उस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के मालिक को किराए का भुगतान करने से रोक दिया गया है जहां कार्यालय अस्थायी रूप से स्थानांतरित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि

नगरपालिका भवन गिरा कर वहां शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने और पालिका के नए भवन को बनाने के बोर्ड के फैसलें का भाजपा सांसद कनकमल कटारा और अन्य भाजपा नेताओं और पार्षदों ने विरोध जताया था। इसे लेकर सांसद के नेतृत्व में कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा गया था। इधर, नगर पालिका बोर्ड का प्रस्ताव बताते हुए भवन गिरा कर पालिका अन्य जगह शिफ्ट कर दी थी।

# पंड्या बने भट्ट मेवाडा ब्राहमण समाज गौरेश्वर मंण्डल के अध्यक्ष



**सागवाड़ा।** भट्ट मेवाडा ब्राहमण समाज गौरेश्वर मण्डल की बैठक हडमाला गांव में आयोजित की गई। जिसमें समाज के निर्वतमान अध्यक्ष मुकेश पण्ड्या सिलोही द्वारा सभी का स्वागत किया गया। नटवरलाल व्यास हडमाला, यमुनाशंकर भट्ट, तुलसीराम व्यास, प्रभाशंकर पुरोहित, दूर्गाशंकर पुरोहित, देवीलाल जोशी, विनोद पण्ड्या, डायालाल त्रिवेदी की मौजूदगी में बैठक की गई। सर्व प्रथम समाज की विकास कमेटी का गठन एवं गौरेश्वर गायत्री माता मन्दिर का निर्माण संबंधी विस्तृत चर्चा की गई। जिसमे समाज के पंचो द्वारा एक स्वर मे मां गायत्री के मन्दिर निर्माण हेतु पूर्ण सहयोग करने का आवश्वासन दिया गया। निर्वतमान अध्यक्ष मुकेश पण्ड्या द्वारा बताया गया कि वर्तमान कमेठी का समय पूर्ण होने से समाज में नई कमेटी का गठन किया जाना चाहिए जिसका समाज के सभी नागरिको द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए वान्दरवेड, दिवडा बडा, दिवडा छोटा, सिलोही, गडाजसराजपुर, हडमाला, ओबरी एवं आरा के पंचो द्वारा अपने-अपने विचार रखे गये। विकास कमेठी अध्यक्ष एवं सदस्य के पंचो द्वारा अपने-अपने गांवो के नाम प्रेषित किये जिसमे समाज द्वारा सर्व सम्मति से श्री बालकृष्ण पण्ड्या हडमाला को भट्ट मेवाडा ब्राहमण समाज गौरेश्वर क्षेत्र का नव-नियुक्त अध्यक्ष घोषित किया गया। जिसमे महामंत्री हेतु कमलेश व्यास वान्दरवेड, सचिव मोहन भट्ट दिवडा छोटा, कोषाध्यक्ष दिपक जोशी दिवडा बडा, सह महामंत्री संजय पुरोहित ओबरी, सह सचिव प्रितम पुरोहित गडा जसराजपुर, सह कोषाध्यक्ष मुकेश पण्ड्या गणेशपुर का मनोनयन किया गया है। इस मौके पर अध्यक्ष बालकृष्ण पण्ड्या एवं उनकी टीम द्वारा समाज को पूर्ण भरोसा दिया गया है आने वाले समय पर ब्राहमण समाज एक ऐतिहासिक समाज बनने अग्रसर है जिसमे प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। समाज के पंचो द्वारा महिलाओ की भागीदारी बढाने हेतु महिला मण्डल के गठन का विचार रखा गया साथ ही युवाओ की भी कार्यकारणी बनाने सुझाव प्रस्तुत किया, जिस पर सदन द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए 15 दिवस मे महिला मंण्डल एवं युवओ की समिति बनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर रमेशचन्द्र भट्ट, प्रवीण भट्ट, पंकज व्यास, देवीलाल जोशी, रमेशचन्द्र पंण्ड्या, प्रहलाद जोशी, विनोद जोशी, भरत जोशी, पराग पुरोहित, प्रकाश पुरोहित, डायालाल त्रिवेदी, दिपक जोशी सहित समाजजन एवं गॉव हडमाला के समस्त युवामंण्डल सदस्य मौजुद रहे। संचालन विशाल पंण्ड्या सिलोही एवं आभार उपेन्द्र पंण्ड्या हडमाला द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# युवक एवं किशोरी के पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा

**सागवाड़ा।** गड़िया बैक वाटर के वन क्षेत्र में युवक एवं किशोरी के फंदे से लटके मिले दोनों का राजकीय चिकित्सालय में गुरुवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। मृत किशोरी के पिता धूणी फला कसारिया निवासी बाबूलाल उर्फ बबला पुत्र भाणजी डामोर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके तीन पुत्र और दो पुत्रियां हैं। 23 मई की शाम को रोजाना की तरह पत्नी और बच्चों के साथ खाना खाकर आंगन में सो गए थे। रात 12 बजे पानी पीने जगने पर पुत्री निरमा सोई हुई देखी थी। सुबह में उठकर देखा तो निरमा खाट पर नहीं मिली। पत्नी हाजू एवं चाचा परिवार वालों को बताया। सभी ने आसपास तथा रिश्तेदारों में तलाश की लेकिन निरमा का कोई पता नहीं चला। बाबूलाल उर्फ बबला ने बताया कि बुधवार को वह और उसका भाई रमनलाल दोनों गांव की बरात में जोधपूरा गए हुए थे। दोपहर करीब एक बजे भतीजे प्रवीण पुत्र रमन लाल डामोर ने मोबाइल पर बात कर कहा कि रमनलाल ने जल्दी घर पहुंचो जिस पर भाई ने निरमा के फांसी खा लेना बताया। गांव के लोग और सरपंच हीरालाल के साथ गढ़िया डूब क्षेत्र के पास स्थित श्मशान घाट पहुंचे। जंहा देबरिया गांव के लोग और पुलिस जाप्ता मौजूद था। झाड़ियों के बीच जाकर देखा तो बबूल के पेड़ की डाली से कपड़े का फंदा लगा पुत्री निरमा और देबरिया निवासी राहुल पुत्र छगनलाल हुवोर दोनों के शव लटके मिले। रिपोर्ट में बाबूलाल ने बताया कि उसकी पुत्री निरमा व राहुल दोनों ने बबूल के पेड़ की डाली से कपड़े का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेना बताया। रिपोर्ट में शंकर ने जाहिर किया कि उक्त घटना में कोई अन्य व्यक्ति भी कर सकता है जिसकी गहनता से जांच कराए जाने की मांग की है। चीतरी पुलिस ने दोनों मृतकों के पोस्ट मार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

**महिला व्यापारी ने पालिका प्रशासन पर लगाया**

# प्रताडित करने का आरोप, पुलिस थाने में दी रिपोर्ट

**सागवाड़ा।** नगर पालिका की दूकानों में लंबे समय से व्यवसायरत एक व्यापारी की पत्नी ने पालिका प्रशासन व विद्युत विभाग पर प्रताडित करने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दी। प्रार्थी संतोष पत्नी हरीश भावसार ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसके पति 1987 से नगरपालिका सागवाडा की दुकानों में किरायेदार की हेसीयत से दुकान संचालित कर रहे हैं तथा वर्तमान में उनको ब्रेन हेमरेज का अटेक आ गया है जिससे उक्त दुकान का संचालन संतोष भावसार द्वारा किया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया कि 25 मई को नगरपालिका अध्यक्ष, नगरपालिका प्रशासन व विद्युत विभाग के अधिकारी दुकान के बिजली के कनेक्शन को काटने आये और दुकान से बेदखल करने का दवाब बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया कि प्रार्थी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

# युवाओं के सुझाव से बनाएंगे नई युवा नीति, संभाग स्तरीय संवाद में जाने विचार

**डूंगरपुर।** राज्य की नई युवा नीति कैसी हो इस पर युवाओं के विचार जानने के लिए गुरुवार को संभाग स्तरीय युवा संवाद का छठा कार्यक्रम साईं पैलेस डूंगरपुर में हुआ। इसमें कई युवाओं ने अपने विचार रखे। राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष और राज्यमंत्री सीताराम लाम्बा, उपाध्यक्ष सुशील पारीक ने नीति को लेकर युवाओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 27 प्रतिशत युवाओं के दृष्टिकोण ओर सुझाव को ध्यान में रखते हुए नई युवा नीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं की सोच ही देश की सोच है। युवाओं का भविष्य ही देश का भविष्य है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया है कि प्रत्येक युवा की समस्या एक दूसरे से साझा कर उसके समाधान का प्रयास करना चाहिए।

# खड़गदा में कवि सम्मेलन 28 को, तैयारियों को लेकर बैठक हुई



**सागवाड़ा।** खड़गदा गांव में 28 मई को कवि सम्मेलन होगा। रामकथा वाचक कमलेश भाई शास्त्री ने बताया कि वागड़ क्षेत्र से जुड़े कवियों का एक विराट काव्य घोष 28 मई रात 8 बजे गलियाकोट मार्ग स्थित वन विहार वाटिका में होगा। राष्ट्र चेतना और वागड़ के समसामयिक विषयों पर काव्य पाठ होगा। जिसमें विपुल विद्रोही, हरिश आचार्य, विपीन वत्सल, तारकेश दवे, हार्दिक हिन्दूस्तानी, मयूर पंवार, रोहिणी पंड्या, दीपेश पालीवाल, राम पंचाल भारतीय, प्रकृति पंड्या, मेहुल चौबीसा, सुर्यकरण सोनी सरोज, राजेश पंड्या और भुवनेश भारत काव्यपाठ करेंगे। कवि सम्मेलन को लेकर गुरुवार रात को वन विहार वाटिका में बैठक हुई जिसमें दायित्व सौंपे गए।

## भीलूड़ा के शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की गई

**सागवाड़ा।** भीलूड़ा के शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान मुनि शिवानंद एवं प्रश्मानंद महाराज के सानिध्य में गुरुवार सुबह में पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। प्रवचन में मुनि प्रश्मानंद महाराज ने बताया कि जिस तरह नदी का उद्गम होता है उसके बाद उसका सागर में मिलना निश्चित होता है इसी तरह मनुष्य को जन्म लेने पर मृत्यु अवश्य होती है। मुनि शिवानंद महाराज ने कहा कि मनुष्य के साथ उसका पुण्य का ही फल जाता है बाप का नहीं, कर्मों के हम स्वयं कर्ता होते हैं।

# क्रिकेट मैच के माध्यम से दिया रक्तदान का संदेश

## ज़ील अस्पताल और वरसिंगपुर के बीच मुकाबला



**सागवाड़ा।** दिवड़ा बड़ा में चल रही गौरेश्वर प्रीमियर लीग रात्रिकालिन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार रात को ज़ील अस्पताल सागवाड़ा और वरसिंगपुर के बीच खेला जा रहा है।

इस मैच का मुख्य उद्देश्य वागड़ में लोगों को रक्तदान को लेकर जागरूक करना था।

ज़ील अस्पताल के संस्थापक और उद्योगपति दीनबंधु त्रिवेदी व भूपेंद्र भट्ट घोटाद ने क्षेत्र के युवाओं के साथ मैच खेला। उद्योगपति त्रिवेदी और भट्ट को अपने बीच देख कर युवाओं में काफी उत्साह रहा। आयोजक विमल पाटीदार, हर्षद मेहता, हिमांशु मेहता व समस्त चार्ली ग्रूप दिवड़ा बड़ा की ओर से दीनबंधु त्रिवेदी, भूपेंद्र भट्ट, जय भूपेंद्र भट्ट सहित ज़ील अस्पताल के सदस्यों का स्वागत किया।

भट्ट ने बताया कि ज़ील अस्पताल में ब्लड बैंक खुलने से क्षेत्रवासियों को फायदा हुआ है। युवाओं को समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। आमतौर पर लोग रक्त दान करने से इसलिए डरते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमज़ोरी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है रक्तदान करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। दीनबंधु त्रिवेदी ने कहां कि ज़ील अस्पताल उन सभी लोगों का आभारी है। जिन्होंने ज़िंदगियां बचाने के लिए रक्तदान किया और लोगों को इसके प्रति जागरुक भी कर रहे हैं।

अगर हर व्यक्ति हर तीन महीनें में नियमित रूप से रक्तदान करे, तो खून की कमी से किसी को तकलीफ या किसी की जान नहीं जाएगी। ज़ील अस्पताल से डॉ. स्पनील, डॉ. यश, भूपेंद्र भट्ट, भूवनेश,राहुल, दिनेश, हिरेन, सैयद, निरज, मयूर मेहता मौजूद रहे।

**राज्यसभा चुनाव से पहले अधिकारियों के खिलाफ बयानबाजी और नाराजगी की पटकथा कौन लिख रहा है?**

# कांग्रेस में घमासान, युवक कांग्रेस अध्यक्ष घोघरा के बाद सरकार के मंत्री, विधायकों में नाराजगी

**जयपुर।** कांग्रेस में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। कांग्रेस सरकार में रोज कोई न कोई नाराज़ हो रहा है। कोई अधिकारियों से नाराज़ हैं तो कोई अपनी उपेक्षा से नाराज़ हैं। यह सब उदयपुर में हुए कांग्रेस के चिंतन शिविर के बाद हो रहा है। नाराजगी की यह दौर राज्यसभा चुनाव की शुरुआत के साथ ही शुरू हो गया। हालांकि पर्दे के पीछे नाराजगी की पटकथा कौन लिख रहा है यह बड़ा सवाल है? सबसे पहले डूंगरपुर विधायक और यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष गणेश घोघरा ने नाराजगी जताते हुए इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने ने जिले के अधिकारियों के साथ अपनी ही पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इसके बाद गुरुवार को मंत्री अशोक चांदना ने नाराजगी व्यक्त की। चिंतन शिविर में युवाओं को साधने पर जोर दिया गया था लेकिन सरकार से युवा ही नाराज़ चल रहे हैं।

सरकार के नजदीक माने जाने वाले विधायक और नेता तक ब्यूरोक्रेसी के रवैये से नाराज है।

कई विधायक और नेता मुख्यमंत्री से लेकर प्रदेश प्रभारी अजय माकन से भी अफसरशाही के हावी होने की शिकायत कर चुके हैं।

## गुर्जर का ट्वीट- अफसर सरकार की कब्र खोद रहे हैं

बीज निगम अध्यक्ष धीरज गुर्जर ने ट्वीट कर ब्यूरोक्रेसी पर निशाना साधा। लिखा- अधिकारी कभी किसी सरकार के नहीं होते। वो सत्ता के और खुद के होते हैं और जब अपनी कुर्सी को बचाकर रखने के लिए विपक्षी दलों से हाथ मिला लेते हैं तब वो सरकार की कब्र खोद रहे होते हैं। समय पर इनकी पहचान न करने से किसी भी सरकार को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं।